दिनांक : 12/05/2026 समय :7.10एएम

प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, भोपाल
प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार,

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोगों से राष्ट्रीय संसाधनों पर बोझ कम करने के लिए एकजुट होने का आह्वान किया।
- भोपाल में इंडो-फ्रेंच इन्वेस्टमेंट कॉन्क्लेव आज, जुटेंगे फ्रांस की प्रमुख कंपनियों के प्रतिनिधि, मध्यप्रदेश में निवेश पर होगा मंथन।
- राज्य मंत्रिपरिषद ने प्रदेश के समग्र विकास और जन-कल्याण के लिए 29 हजार 540 करोड़ रूपये की स्वीकृति दी।
- प्रदेश में योग को घर-घर तक पहुंचाने के लिए आज से शुरू हो रहा है 'हर घर योग अभियान'।

प्रधानमंत्री-अपील

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम एशिया संघर्ष को एक दशक के सबसे बड़े संकटों में से एक बताते हुए राष्ट्रीय संसाधनों पर बोझ कम करने के लिए नागरिकों से एकजुट होने का आह्वान किया है। कल वडोदरा में सरदारधाम छात्रावास का लोकार्पण करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है कि इस स्थिति का देशवासियों पर कम से कम प्रभाव पड़े। प्रधानमंत्री मोदी ने लोगों से सात सूत्री अपील को अपनाने की आग्रह दोहराया।

श्री मोदी ने देशवासियों से विदेशों से आयातित उत्पादों का उपयोग कम करने और विदेशी मुद्रा के व्यय से जुड़े व्यक्तिगत कार्यों से बचने का आग्रह किया। उन्होंने नागरिकों से स्वदेशी उत्पादों का अधिक से अधिक उपयोग करने का आह्वान किया।

मुख्यमंत्री - राष्ट्रहित

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सभी नागरिकों से राष्ट्र हित में प्रधानमंत्री के सुझावों को अपनाने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक परिवहन सेवाओं का अधिक से अधिक उपयोग किया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि वैश्विक संकट और सप्लाई चेन की चुनौतियों को देखते हुए प्रधानमंत्री के सुझावों को अपनाया जाना चाहिए। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने किसानों से डीजल पंप के स्थान पर सोलर पंप के उपयोग करने और रासायनिक उर्वरकों के उपयोग में कमी लाकर प्राकृतिक खेती अपनाने का आग्रह भी किया है। इससे पेट्रोलियम पदार्थ और उर्वरक के आयात में कमी आएगी।

असम - मुख्यमंत्री शपथग्रहण

भारतीय जनता पार्टी नेता हिमंत बिस्वा सरमा आज दूसरी बार असम के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। उनके साथ चार मंत्री भी शपथ लेंगे, जिनमें से दो भाजपा के और एक-एक सहयोगी दल असम गण परिषद और बोडोलैंड पीपुल्स फ्रंट के होंगे। यह असम में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन - एनडीए की तीसरी सरकार होगी। श्री सरमा लगातार दूसरी बार मुख्यमंत्री के रूप में इसका नेतृत्व करेंगे। वे राज्य में यह उपलब्धि हासिल करने वाले एकमात्र गैर-कांग्रेसी मुख्यमंत्री हैं। शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अलावा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय मंत्री और एनडीए शासित राज्यों के मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री भी इस अवसर पर उपस्थित रहेंगे। शपथ ग्रहण समारोह के लिए गुवाहाटी पहुंचे केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने हिमंत बिस्वा सरमा और उनकी पूरी टीम को शुभकामनाएं दीं।

इंडो-फ्रेंच कॉन्क्लेव

भोपाल में आज इंडो-फ्रेंच इन्वेस्टमेंट कॉन्क्लेव का आयोजन किया जाएगा, जिसमें निवेश संभावनाओं को लेकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव विदेशी निवेशकों से संवाद करेंगे। इंडो-फ्रेंच चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री और मध्य प्रदेश शासन के सहयोग से कुशाभाऊ अंतरराष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर में आयोजित इस कार्यक्रम में फ्रांस के राजदूत, फ्रांसीसी उद्योग जगत के प्रतिनिधि, वैश्विक कंपनियों के वरिष्ठ अधिकारी, मध्य प्रदेश शासन के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी और प्रदेश के उद्योग प्रतिनिधि शामिल होंगे। कॉन्क्लेव से मध्य प्रदेश और फ्रांस के बीच दीर्घकालिक औद्योगिक, तकनीकी और संस्थागत साझेदारी होगी। इससे राज्य सरकार फ्रांसीसी कंपनियों को मध्य प्रदेश के औद्योगिक वातावरण, निवेश संभावनाओं, नीति समर्थन और तेजी से विकसित हो रहे औद्योगिक इको-सिस्टम से अवगत कराएगी।

कैबिनेट बैठक

राज्य मंत्रिपरिषद ने प्रदेश के समग्र विकास और जन-कल्याण के लिए 29 हजार 540 करोड़ रूपये से अधिक की स्वीकृति दी है। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव की अध्यक्षता में हुई बैठक में लोक वित्त पोषित कार्यक्रमों, योजनाओं एवं परियोजनाओं के परीक्षण के लिए 15 हजार 598 करोड़ रूपये स्वीकृति हुई। शहरी एवं नगरीय मार्गों के नव निर्माण और सुदृढ़ीकरण के लिए 6 हजार 900 करोड़ रूपये, गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले वृद्धजनों की पेंशन के लिए 6 हजार 116 करोड़ रूपये की स्वीकृति दी गई। इसके अलावा बुदनी में एमबीबीएस, नर्सिंग और पैरामेडिकल महाविद्यालय की स्थापना के लिए 763 करोड़ 40 लाख रूपये की पुनरीक्षित प्रशासकीय स्वीकृति दी गई। नीमच जिले की खुमानसिंह शिवाजी जलाशय सूक्ष्म सिंचाई परियोजना के लिए 163 करोड़ 95 लाख रूपये स्वीकृत किए गए।

इंदौर अभियान

इंदौर जिले में फार्मर रजिस्ट्री सेचुरेशन अभियान को 20 मई तक पूर्ण करने के लिए डोर-टू-डोर अभियान चलाया जा रहा है। फार्मर रजिस्ट्री के अंतर्गत फार्मर आईडी बनाए जाने का कार्य केन्द्र शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता में शामिल है। फार्मर आईडी के अंतर्गत प्रत्येक कृषक भूमि स्वामी को यूनिक आईडी प्रदान की जाती है, जिससे किसानों को समस्त शासकीय योजनाओं का लाभ प्राप्त हो सके। जिले की सभी तहसील में कुल 3 लाख 11 हजार 247 कृषक भू-स्वामी है, इनमें से 95 हजार 392 किसानों का पंजीयन कार्य पूर्ण हो चूका है। 2 लाख 15 हजार 855 कृषक भू-स्वामियों के पंजीयन शेष है, जिसको पूर्ण करने हेतु अभियान चलाया जा रहा है।

हर घर योग अभियान

प्रदेश में आज से "हर घर योग अभियान" शुरू हो रहा है। अभियान में 800 स्वास्थ्य एवं कल्याण केंद्र आयुष्मान आरोग्य मंदिर और सभी चिकित्सालयों में पदस्थ योग शिक्षक 10-15 नागरिकों के छोटे समूहों में योगाभ्यास करवाएंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कल एक बयान में कहा कि प्रदेशवासियों को योग से जोड़ने के लिए 21 जून तक यह अभियान चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत पंडित खुशीलाल आयुर्वेदिक कॉलेज, भोपाल के मास्टर ट्रेनर स्टूडियो से 45 मिनट के लाइव योग सेशन आयोजित करेंगे। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से घर-घर और जन-जन तक योग को पहुंचाने के लिए मिलकर योगाभ्यास करने और निरोग रहने की अपील की है।

हॉकी सीरीज

भोपाल में 15 मई से आयोजित होने जा रही भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया अंडर-18 हॉकी सीरीज के लिए भारतीय और ऑस्ट्रेलियाई जूनियर टीमें कल भोपाल पहुंचीं। राजा भोज एयरपोर्ट पर दोनों देशों के खिलाड़ियों एवं कोचिंग स्टाफ का खेल एवं युवा कल्याण विभाग के अधिकारियों ने स्वागत किया गया। यह अंतरराष्ट्रीय हॉकी श्रृंखला 20 मई 2026 तक भोपाल स्थित उधव दास मेहता सेंट्रल सेंटर में आयोजित की जाएगी।

संक्षिप्त समाचार

1- राज्य अधिवक्ता परिषद के चुनाव आज, इंदौर के 10537 अधिवक्ता मताधिकार का प्रयोग करेंगे
2- सतना जिले के नगर परिषद नागौद के वार्ड 13 में होने वाले उप चुनाव को लेकर आचार संहिता के पालन के लिए प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किये हैं।
3- संस्कृति राज्यमंत्री एवं खंडवा जिले के प्रभारी धर्मेन्द्र सिंह लोधी आज खंडवा दौरे पर रहेंगे। वे जिले में विकास कार्यों की समीक्षा बैठक लेकर विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे।
4- सिवनी जिले में जनगणना 2027 के तहत मकान सूचीकरण एवं संबंधित प्रारंभिक सर्वे कार्य निर्धारित समयसीमा में पूर्ण गुणवत्ता के साथ किया जा रहा है।
5- आगरमालवा जिले की नलखेड़ा तहसील के ग्राम डोकरपूरा में कल प्रशासन द्वारा अतिक्रमण के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए लगभग 35 बीघा बहुमूल्य शासकीय गोचर भूमि को मुक्त कराया गया।
6- विदिशा जिले में उर्वरक वितरण प्रणाली में बड़ा बदलाव करते हुए 50% की जरूरत वाली पुरानी व्यवस्था को समाप्त कर दिया है, अब किसान ई पोर्टल के माध्यम से अपनी जरूरत का शत प्रतिशत खाद एक बार में ही उठा सकेंगे।
7- मंडला पुलिस द्वारा जिले में यातायात व्यवस्था को सुचारू एवं सुरक्षित बनाए रखने के उद्देश्य से लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में नैनपुर में बस संचालकों की बैठक आयोजित की गई।
8- राजगढ़ में आयोजित समय सीमा बैठक में सीएम हेल्पलाइन, जल गंगा संवर्धन अभियान, ई-ऑफिस, आधार निर्माण, ई-

केवाईसी, सार्थक अटेंडेंस एवं समय सीमा के प्रकरणों की स्थिति पर विभागवार चर्चा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

9- राष्ट्रीय वैक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत रायसेन में कलेक्टर की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई।

10- ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन आगरमालवा जिले में 31 मई तक जिला मुख्यालय सहित सभी विकासखंडों में किया जा रहा है।

------------------